RAJRATAN
OUTPERFORM
INDIA | THAILAND

RGWL/26-27/

27th July, 2026

To **BSE Limited** **Phiroze Jeejeebhoy Towers** **Dalal Street** **Mumbai 400001** **Scrip Code – 517522**	**To** **National Stock Exchange of India Limited** **'Exchange Plaza', C-1, Block G,** **Bandra Kurla Complex,** **Bandra (E), Mumbai – 400 051** **Symbol - RAJRATAN**

Dear Sir

Subject – Newspaper publication of Financial Results

Please find enclosed herewith copies of newspaper advertisement of Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter ended on 30th June, 2025, published on 24th July, 2026 in "Economic Times" "Nai Dunia" and "Choutha Sansaar".

This is for your information and records please.

For **Rajratan Global Wire Limited**

Shubham Jain
Digitally signed by Shubham Jain
Date: 2026.07.27 12:17:49 +05'30'

Shubham Jain
Company Secretary & Compliance

QComm Will Keep Attracting Capital: Majety

Swiggy founder Sriharsha Majety says product differentiation will matter more than price as 10-min delivery

Our Bureau

Bengaluru: Swiggy founder and group CEO Sriharsha Majety said that the quick commerce industry will remain well-funded and competitive, even as the company's 10-minute delivery unit Instamart steps up efforts to reduce its losses.

"The category will continue to attract capital and competition. Our answer is to build a business that wins through a distinctive product offering, not only through price. Quick delivery is increasingly becoming table stakes," Majety said in a letter to the company's shareholders as part of its 2025-26 annual report.

"The right to win will come from reliable availability, breadth of assortment, differentiated categories, strong partner brands and the ability to make Instamart a destination for everyday upgrades, not just everyday essentials," he added.

Instamart competes with the likes of Eternal-owned Blinkit, public markets-bound Zepto, Flipkart Minutes, Amazon Now, Tata Digital-backed BigBasket and Reliance Retail's Jio Mart in the rapid delivery segment.

In an interview to ET, Flipkart group CEO Kalyan Krishnamurthy had said that the quick commerce market did not have enough capacity to accommodate six-seven players. Swiggy raised ₹10,000 crore via a qualified institutional placement (QIP) in December 2025, a year after it raised ₹4,500 crore through its November 2024 initial public offering (IPO). Rival Zepto is also planning to go public this year, looking to raise $650-700 million in fresh capital.

SRIHARSHA MAJETY
Founder & Group CEO, Swiggy

Our strategy was not to pursue volume at any cost. We focussed on wallet share, basket quality, availability and operating leverage

Majety also said that Instamart shifted its focus during 2025-26 from adding dark stores to sweating the existing assets.

"Our strategy was not to pursue volume at any cost. We focussed on wallet share, basket quality, availability and operating leverage. Contribution margin improved to -2.8% of GOV (gross order value) from -4.0% in the previous year, led by higher AOVs (average order values), improved monetisation, better infrastructure utilisation and lower dependence on unsustainable incentives," Majety said.

"We also took a more deliberate approach to network expansion. After front-loading investments in dark stores, our focus shifted towards sweating existing assets, improving utilisation and adding stores in a calibrated manner for coverage and debottlenecking," he added.

Instamart had 1,143 active dark stores as of March 31, up from 1,021 a year ago.

Ecomm Export FDI Policy Eases Rules but Raises Compliance Questions

Move expected to boost cross-border exports but will have little impact on local ops: Experts

ET EXPLAINER

Pranav Mukul



Bengaluru: The Centre's decision to relax its FDI policy to allow foreign direct investment in the inventory-based model of ecommerce for exports is unlikely to have a significant impact on the domestic online retail operations of companies such as Meesho, Flipkart and Amazon, industry executives said.

TO BENEFIT SMALLER SELLERS

However, they said the move would help smaller sellers and MSMEs expand their reach in global markets. 'Lawyers, meanwhile, urged caution in the policy's implementation, warning that it could give rise to structures that may be misused to hold inventory. India's FDI rules prohibit ecommerce companies from holding inventory, requiring them to operate on a marketplace model to prevent large inflows of foreign capital from distorting competition for small sellers and traders.

ADDITIONAL CHANNEL

The Department for Promotion of Industry and Internal Trade (DPIIT) said on Thursday that restrictions on foreign investment in inventory-based ecommerce will "not apply in case of exports of domestically manufactured and/or produced goods/products." The policy, executives said, creates an additional channel for Indian sellers to access overseas markets.

"I don't see this having any meaningful impact on the domestic ecommerce landscape because the relaxation is exclusively for exports," said a senior ecommerce industry executive who requested not to be identified. "Where it could make a difference is in creating an additional channel for Indian-made products to reach global consumers." Amazon welcomed the decision, saying it "empowers tier-2 and tier-3 manufacturers to go global" as the company targets $80 billion in cumulative exports by 2030. "This enabling amendment unlocks opportunities for regional manufacturers and SMEs, allowing us to better serve seller partners and contribute meaningfully to India's export-led growth strategy," an Amazon spokesperson said.

However, executives and lawyers said additional safeguards would be needed to prevent misuse of the policy. "There is a potential risk, although the extent of that risk will depend on how the final implementation, customs enforcement and FEMA compliance framework evolve alongside this.

TO BOOST EXPORTS

The policy objective clearly is to boost exports without liberalising domestic inventory-based ecommerce. However, whenever a regulatory distinction is based on the ultimate destination of goods, there is scope for leakage if controls are not sufficiently robust," said Ashid Basheer, Partner, Cyril Amarchand Mangaldas. Another senior executive at a large domestic retailer said the policy could raise compliance and enforcement challenges "if companies seek to blur the line between export-only and domestic operations".

Potential scenarios include using shared warehousing and logistics for both export and domestic businesses, routing inventory through related entities before domestic sales, diverting export-designated stock into the local market, or relying on complex related-party structures to effectively run an inventory-led model while continuing to present themselves as marketplaces, the executive said.

FOR FULL REPORT, GO TO www.economictimes.com

Karnataka Eyes ₹5.5Lcr Software Exports This Fiscal

Our Bureau

Bengaluru: Karnataka expects software exports to cross ₹5.5 lakh crore in this financial year, up from ₹4.36 lakh crore last year, chief minister DK Shivakumar said on Friday as he pitched the state as India's preferred technology investment destination.

"Behind every number is a young engineer getting a first job, a developer solving problems and a family moving closer to its dreams," he said at a breakfast meeting with CEOs in Bengaluru.

Shivakumar said B'luru's biggest strength lies in its talent pool and innovation ecosystem

The chief minister said Karnataka is seeking long-term partnerships rather than short-term investments. "We want to grow with you," he told industry leaders, urging them to participate in the state's next phase of growth.

Shivakumar said Bengaluru's biggest strength lies in its talent pool and innovation ecosystem, while Karnataka's global capability centres (GCCs) have evolved from back offices into global hubs for innovation, product development and high-value engineering.

Execution is Bigger Challenge than Profitability: Fractal CEO

AI analytics firm posts 92% jump in annual net profit and 20% revenue growth in Q1, despite a sequential decline in earnings

Himanshi Lohchab

Mumbai: Newly listed enterprise AI firm Fractal Analytics on Friday reported its first major quarterly profit setback in recent years, as execution lapses and the ramp-down of two large clients in its technology, media and telecom (TMT) business weighed on earnings. The stock slumped 8.69%.

Fractal reported a sharp 38% sequential decline in net profit to Rs 72.3 crore in April-June quarter. However, on a yearly basis, net profit climbed 92%, while revenue rose 20% to ₹912.5 crore.

Founder and chief executive Srikanth Velamakanni said the company's challenge was execution rather than profitability. He acknowledged that the company's 20% on-year revenue growth fell short of internal expectations and attributed much of the weakness to the TMT vertical.

"Especially TMT, we executed very poorly. Luckily for us, TMT is bottoming out and next quarter is going to be okay," he told ET. Velamakanni said the broader industry is witnessing a shift as hyperscalers and telecom companies divert budgets from operating expenditure to AI infrastructure investments.

SRIKANTH VELAMAKANNI
Founder & CEO, Fractal Analytics

The broader industry is witnessing a shift as hyperscalers and telecom companies divert budgets from operating expenditure to AI infrastructure investments



IBM CRASH

A similar trend was flagged by IBM earlier this month, when CEO Arvind Krishna blamed the company's disappointing June-quarter performance on clients shifting budgets on servers, storage and memory. The warning triggered a nearly 25% single-day plunge in IBM's shares, its steepest decline since the 1987 Black Monday crash.

"Companies have dramatically raised their capex... If machines can do the job, then they will reduce opex accordingly. We have seen multiple companies under pressure on opex because of the capex increase," he said, adding that Fractal should not blame industry conditions for its own performance. "We should just look at improving our execution."

Contrary to trends seen in traditional IT services, where AI is shrinking deal sizes and contract tenures, Fractal said it is witnessing the opposite.

"Our deal sizes are increasing because of the opportunity. Our addressable opportunity is increasing," Velamakanni said. "When you listen to IT services companies, they are coming from the engineering side and adding a little bit of AI. Everything they are saying will sound the inverse of what we are saying."

This quarter, Fractal won "one of the largest single programs in Fractal's history" for building the AI foundations for a large healthcare player and modernising their data estate using AI.

Fractal also expects software licensing to become a much larger contributor to revenue over the next three years as adoption of its AI platform Cogentiq increases.

Coforge Lands Five-year AI Transformation Deal Worth $230m

Our Bureau

Bengaluru: Mid-tier IT player Coforge, formerly NIIT Technologies, on Friday announced a five-year AI-led transformation deal worth more than $230 million with a customer in Europe. The stock surged, bucking the weaker broader market trends.

The Noida-based company did not disclose the name of the client but said the deal was one of the largest AI-led transformation programs Coforge secured in the European region.

"The engagement is expected to improve decision-making, increase productivity, reduce manual effort, and enable faster delivery of outcomes at scale," Coforge said in a regulatory filing. After the announcement, Coforge shares rose over 3% to end at ₹1,484.70 apiece on the BSE, where the main index lost 0.4% Friday. Coforge, which will announce its first quarter earnings on Monday July 27, has scaled up its large deal momentum and started reporting its deals sized $100 million and above over the past two quarters.

Over the past one year, it won two other large deals including a $1.56-billion contract with Sabre Corp and a 5-year, $158-million contract with a UK client. With a revenue size of $2.5 billion, Coforge is among the faster growing players in the industry, which is witnessing an AI-led disruption.

India Orders GitHub to Remove Bitchat App

Our Bureau

New Delhi: The government ordered online platform GitHub to remove access to Bitchat, the offline, Bluetooth-based messaging application developed by Twitter co-founder Jack Dorsey, saying that it may be misused by anti-national elements, terrorist organisations, organised criminal groups and cyber-criminals. Dorsey on Friday shared the order, sent a day before by the Indian Cyber Crime Coordination Centre (I4C) under the Union home affairs ministry, on social media platform X. The order directed GitHub to disable access to three Bitchat repositories within three hours.

Issued at a time when students protesting repeated entrance exam paper leaks have complained of communication blocks imposed on them, the order invoked Section 79(3)(b) of the Information Technology Act, along with Rule 3(1)(d) of the IT Rules, 2021. It said that the technical architecture of Bitchat significantly impedes lawful interception, attribution and investigation by law enforcement agencies.

Bitchat is a decentralised, peer-to-peer connection app which utilises Bluetooth Low Energy mesh networks. The application connects devices within roughly 30-100 metres, allowing phones to relay messages across multiple hops to extend network reach without cellular service or Wi-Fi.

Pronto Scales Verified Service with AI Training via Headcam Footage

Startup says optional feature was built in response to customer & worker demand for a verifiable record of jobs

Our Bureau

Bengaluru: Home services startup Pronto is scaling up Pronto Verified, its premium booking service, under which customers can opt to have household jobs recorded through head cameras worn by service professionals, with the footage eventually being used to train artificial intelligence (AI) models, founder and CEO Anjali Sardana said in a LinkedIn post on Friday.

The expansion comes months after the Bengaluru-based company faced criticism when it piloted the programme, triggering questions from privacy advocates and social media users over the recording of activities inside customers' homes, informed consent and the use of such data for AI development.

In her post, Sardana wrote that the service remains entirely optional for both customers and workers. Customers choosing a Verified booking pay a premium, while service professionals receive roughly double the earnings of a standard booking, the company said.

The startup, which claims to process more than one million bookings every month across India, said the feature was developed in response to feedback from both customers and workers, who wanted a verifiable record of completed work for greater trust and safety.

"Our Pros have told us they'd feel safer knowing there's a record of their work, and customers have asked us for the same thing for their peace of mind. That's what guided us to build Verified," Sardana wrote.

"When a customer opts in, the Pro wears a camera that records only the work activity. The customer pays a premium for the booking, and the Pro is paid about double."

Under the programme, customers must explicitly opt in during booking and are informed that the footage may be used for AI training. Professionals reconfirm the customer's consent on arrival before switching on the camera. If the customer declines, the booking is converted into a standard service without recording.

Pronto, which is backed by the likes of Glade Brook Capital and Bain Capital Ventures, said the specially designed cameras are angled downward to capture only the professional's hands and work area, with no audio recorded.

According to the company, software automatically detects and blurs personally identifiable information on the encrypted device, after which the original footage is immediately deleted without being viewed by humans.

The Workflow

Video recording requires explicit customer consent at booking and is reconfirmed by the professional before recording begins

The cameras capture only the worker's hands and work area, record no audio and automatically blur personally identifiable info

Customers receive an encrypted, anonymised copy of the footage for 48 hours

Anonymised recordings are then retained to train AI models

The programme has sparked privacy concerns, with critics questioning recording inside homes

No Clear Legal Basis for Live Facial Recognition, Say Lawyers

Suraksha P

Bengaluru: India has no law expressly authorising police to deploy live facial-recognition technology (FRT) at protests, religious congregations and other public gatherings, senior lawyers told ET, warning that any such use could face constitutional challenge.

The issue has gained urgency as a petition before the Delhi High Court has challenged alleged continuous surveillance of people participating in the ongoing students' protest at Jantar Mantar. The Centre has reportedly defended routine videography of protests as a law-and-order measure. The Delhi Police did not respond to ET's queries till press time on Friday.

"India's existing legal framework is presently inadequate to regulate live facial recognition in public spaces," said Sajan Poovayya, senior advocate in the Supreme Court, who argued the K S Puttaswamy right-to-privacy case whereby the top court recognised privacy as a fundamental right.

Police currently rely on general policing powers, criminal-investigation laws and executive directions for its actions, but none of which specifically contemplate the continuous biometric surveillance of people in public spaces, Poovayya said.

Lawyers said while FRT can help identify wanted suspects, locate missing children and investigate serious crimes, its use must satisfy the Supreme Court's privacy standards and be accompanied by safeguards governing authorisation, transparency, retention and deletion of data.

FOR FULL REPORT, GO TO www.economictimes.com

एक नजर

एक गुरु-एक वृक्ष अभियान को मिला जनसमर्थन

भोपाल,(निप्र)। गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के तहत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे एक गुरु-एक वृक्ष अभियान को प्रदेशभर में व्यापक जनसमर्थन मिला। शुक्रवार को मध्य प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में 40 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने गुरुओं के सम्मान में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया। विद्यालय परिसरों और आसपास आयोजित पौधरोपण कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, शिक्षकों और विद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। अभियान का उद्देश्य केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसके माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा के सम्मान और प्रकृति संरक्षण का संदेश भी प्रभावी ढंग से प्रसारित किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार, गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के दौरान प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन और गुरु-शिष्य संबंधों को मजबूत बनाना है। विभाग का मानना है कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, पर्यावरण हित चेतना और गुरुजनों के प्रति सम्मान की भावना विकसित होगी, साथ ही विद्यालयों में सकारात्मक एवं संस्कारयुक्त शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा मिलेगा।

श्री गुरुनानक प्रबंध कमेटी द्वारा स्वास्थ्य शिविर कल

विदिशा,(निप्र)। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी (मंजीत सिंह) के करकमलों द्वारा स्वस्थ शिविर का अरदास करके शुभारम्भ किया जाएगा। विदिशा गुरुनानक प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र चावला ने बताया की सेवा के क्षेत्र में पंजाबी समाज हमेशा आगे बढ़- चढ़कर कार्य करता है। 26 जुलाई प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक गुरुद्वारा पंजाबी धर्मशाला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रखा जा रहा है। गुरुनानक प्रबंध कमेटी के सभी विदिशा वासियों से जसवीर सिंह चावला एवं गुरुनानक प्रबंध कमेटी समस्त विदिशा वासियों से अपील की है कि स्वस्थ शिविर का लाभ ले। विदिशा चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष रवि तलरेजा ने बताया कि स्वस्थ शिविर के मुख्य अतिथि विदिशा विधायक मुकेश टंडन, विदिशा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा उपस्थित रहेंगे।

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को मिली रफ्तार

भोपाल में मास्टर ट्रेनर्स का राज्यस्तरीय सेमिनार 303 प्रशिक्षक पूरे प्रदेश में दे रहे प्रशिक्षण

भोपाल,(निप्र)। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को और गति देने के लिए, शुक्रवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स का राज्य स्तरीय सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें प्रदेशभर से मास्टर ट्रेनर्स, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सेमिनार में प्रशिक्षण की प्रगति, फील्ड अनुभव और आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई।

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने कहा कि सिंहस्थ-2028 विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजनों में से एक है। जिसकी सफलता प्रशिक्षित पुलिस बल, आधुनिक तकनीक और बेहतर समन्वय पर निर्भर करेगी। उन्होंने बताया कि सिंहस्थ की तैयारियां पिछले तीन वर्षों से चरणबद्ध तरीके से चल रही हैं और आधुनिक तकनीक आधारित पुलिसिंग पर विशेष जोर दिया जा रहा है। डीजीपी ने बताया कि प्रदेश में 303 मास्टर ट्रेनर्स तैयार किए जा चुके हैं, जो अपने-अपने जिलों में हजारों पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को भूमिका आधारित प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रयागराज महाकुंभ-2025 के अनुभवों को भी सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में शामिल किया गया है। 24 जुलाई शुक्रवार को उन्होंने बताया कि ईएचआरएमएस और पुलिस ड्यूटी पोर्टल जैसी डिजिटल व्यवस्थाएं अंतिम चरण में हैं। जिनसे सिंहस्थ के दौरान पुलिस बल की तैनाती और मानव संसाधन प्रबंधन अधिक प्रभावी होगा। वहीं, सरकार द्वारा 2025 और 2026 में करीब 18 हजार से अधिक पुलिस पदों पर भर्ती की स्वीकृति मिलने से सिंहस्थ-2028 के लिए प्रशिक्षित और सशक्त पुलिस बल उपलब्ध होगा।

ग्लासगो में लहराएगा तिरंगा-डॉ. यादव

राष्ट्रमंडल खेल,भारतीय खिलाड़ियों को सीएम ने दी शुभकामनाएं

भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने 23वें राष्ट्रमंडल खेल 2026 में हिस्सा ले रहे भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाड़ी ग्लासगो में शानदार प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित हो रहे 23वें राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाड़ी अपनी प्रतिभा, अनुशासन और अथक मेहनत के दम पर देश का नाम पूरी दुनिया में रोशन करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के खिलाड़ी पूरी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतर रहे हैं। उन्हें विश्वास है कि भारतीय दल शानदार प्रदर्शन कर तिरंगा ऊंचा लहराएगा और देशवासियों को गौरवान्वित करेगा।

उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की शुभकामनाएं खिलाड़ियों के साथ हैं। देश के खिलाड़ी अपनी मेहनत और समर्पण के बल पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की मजबूत पहचान स्थापित करेंगे। मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल प्रदर्शन और सफलता की कामना की। इस बार स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित 23वें राष्ट्रमंडल खेलों में भारत की ओर से 126 एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। भारतीय खिलाड़ी 13 खेल विधाओं की 113 स्पर्धाओं में अपनी चुनौती पेश करेंगे। एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो, वेटलिफ्टिंग और विभिन्न पैरा स्पोर्ट्स में भारतीय खिलाड़ियों से पदकों की बड़ी उम्मीदें हैं। बता दें 23वें राष्ट्रमंडल खेल 23 जुलाई प्रारंभ हो चुके हैं। यह खेल 2 अगस्त तक स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित किए जा रहे हैं। दुनिया भर के खिलाड़ी इन खेलों में हिस्सा ले रहे हैं जबकि भारतीय दल भी पदक तालिका में बेहतर प्रदर्शन के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरा है।

सरकार युवाओं की भविष्य सुरक्षा के लिए पूर्ण प्रतिबद्ध: मुख्यमंत्री

भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने शुक्रवार को बताया कि गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री नड्डा एवं केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने सोनम वांगचुक से भेंट कर विद्यार्थियों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सरकार की पहल, हाथियों और आगामी योजनाओं की जानकारी साझा की। सकारात्मक एवं सार्थक संवाद के उपरांत श्री वांगचुक ने अपना अनशन समाप्त करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य की सुरक्षा के लिए पूर्ण प्रतिबद्ध है। पेपर लीक जैसे विषयों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई, परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और विश्वसनीयता को अधिक सुदृढ़ करने एवं प्रत्येक विद्यार्थी के हितों की रक्षा के लिए निरंतर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

रजा मुराद ने जताई छात्रों पर लाठीचार्ज पर नाराजगी

भोपाल,(निप्र)। जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन के दौरान कथित लाठीचार्ज को लेकर अभिनेता रजा मुराद ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ संवेदनशील व्यवहार होना चाहिए और संवाद से समाधान निकाला जाना चाहिए।

भोपाल से जुड़े वरिष्ठ अभिनेता रजा मुराद ने जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन के दौरान कथित लाठीचार्ज को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आंदोलन कर रहे छात्र देश और समाज के ही बच्चे हैं, इसलिए उनके साथ सख्ती नहीं बल्कि संवेदनशीलता और संवाद का व्यवहार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात बेहद दुखद हैं और किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में युवाओं की आवाज को समझने का प्रयास होना चाहिए। जंतर-मंतर पर चल रहे सीजेपी के जेन जेड आंदोलन के बीच छात्रों पर कथित पुलिस कार्रवाई को लेकर अब फिल्म जगत से भी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। अभिनेता रघुवीर यादव के बाद अब वरिष्ठ बॉलीवुड अभिनेता रजा मुराद ने भी बच्चों के साथ संवेदनशील व्यवहार की अपील करते हुए कहा कि देश के भविष्य को लाठियों से नहीं, संवाद से संभालना चाहिए।

बच्चों के जख्मों पर मरहम लगाइए- सोशल मीडिया पर जारी अपने वीडियो संदेश में रजा मुराद ने कहा कि यदि परिवार का कोई बच्चा नाराज होता है तो उसे समझाया जाता है, न कि उसके साथ कठोर व्यवहार किया जाता है। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों के जज्बात आहत हुए हैं, उन्हें सहानुभूति और भरोसे की जरूरत है। उनके शब्दों में, जख्मों पर मरहम लगाया जाता है, नमक नहीं। उन्होंने अपील की कि छात्रों के साथ बातचीत कर उनकी चिंताओं का समाधान निकाला

सह-सरकार्यवाह मदनदास देवी की पुण्यतिथि

भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रथम राष्ट्रीय संगठन मंत्री और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सह-सरकार्यवाह मदन दास देवी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी है।

राजनीति में जाना चाहते हैं पूर्व आईएएस नियाज खान

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश के पूर्व आईएएस नियाज खान अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी एक्स पोस्ट को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। 24 जुलाई शुक्रवार को उन्होंने फिर एक पोस्ट किया है जिसमें उन्होंने कॉकरोच पार्टी में शामिल होने की इच्छा जताई है। उन्होंने लिखा है कि उन्हें कहा कि राजनीति के जरिए की जाने वाली जनसेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। अगर कॉकरोच पार्टी राजनीति के मैदान में उतरती है, तो वे निश्चित रूप से उसे जॉइन करेंगे। कांग्रेस पर तंज कसते हुए

उन्होंने लिखा है कि उन्हें लगता है कि वर्तमान में देश की गिरती राजनीति और प्रशासनिक राजनीतिक स्तर पर फैले भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने के लिए उनका राजनीति में आना जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि राजनीति के जरिए की जाने वाली जनसेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। वे विचार से धर्मनिरपेक्ष हैं। उन्होंने कहा- वे कांग्रेस में जाना चाहते हैं लेकिन हिंदू उदारवादी विचारों के चलते कांग्रेस उन्हें स्वीकार नहीं करेगी।

कॉकरोच पार्टी में हो सकते हैं शामिल-पूर्व आईएएस नियाज खान ने पोस्ट में कॉकरोच पार्टी को अनोखे तरीके से सपोर्ट भी किया है। उन्होंने लिखा है कि अगर ह्यकॉकरोच पार्टीह्न राजनीति के मैदान में उतरती है, तो वे निश्चित रूप से उसे जॉइन करेंगे।

दिल्ली प्रदर्शन में छात्राओं के साथ कथित दुर्व्यवहार पर कांग्रेस का हमला

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश कांग्रेस की वरिष्ठ नेता शोभा ओझा ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस की कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान छात्राओं के साथ कथित अशोभनीय और हिंसात्मक व्यवहार किया गया, जो बेहद गंभीर और निंदनीय है। ओझा ने मांग की कि यदि किसी पुलिसकर्मी द्वारा कानून या सेवा नियमों का उल्लंघन हुआ है, तो उसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक और परीक्षा व्यवस्था को लेकर छात्रों के आंदोलन के दौरान बल प्रयोग के आरोपों ने कई सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस नेता ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराते हुए कहा कि छात्रों की चिंताओं को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की।

शोभा ओझा ने महिला सुरक्षा, छात्र हित और पुलिस कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की और कहा कि यदि किसी महिला प्रदर्शनकारी के साथ दुर्व्यवहार हुआ है, तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छात्रों की मांगों और महिला सुरक्षा के मुद्दे पर अपनी आवाज उठाती रहेगी।

आईएएस सुखवीर सिंह को मिली अतिरिक्त जिम्मेदारी

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सुखवीर सिंह को अतिरिक्त प्रशासनिक जिम्मेदारियां सौंपी हैं। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव के रूप में कार्यरत सुखवीर सिंह को अब लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल के हस्ताक्षर से शुक्रवार को जारी आदेश के अनुसार, सुखवीर सिंह को भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग तथा कमिश्नर फूड सेफ्टी का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। यह व्यवस्था आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगी। दरअसल, अशोक बर्णवाल के मुख्य सचिव बनने के बाद लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव पद रिक्त हो गया था। इससे पहले यही विभाग अशोक बर्णवाल के पास था। प्रशासनिक निरंतरता बनाए रखने के लिए सरकार ने यह अंतरिम व्यवस्था की है।

आष्टा नगरपालिका ने हटाया वर्षों पुराना अतिक्रमण

आष्टा,(निप्र)। नगर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नगर पालिका प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। लंबे समय से आम नागरिकों और व्यापारियों के लिए सिरदर्द बने सालों पुराने अवैध अतिक्रमण को नगरपालिका की अतिक्रमण टीम ने पूरी तरह से ध्वस्त कर हटा दिया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि नपा के आवासीय परिसर के समीप वार्ड क्रमांक 4 किला निवासी अरशद मूसा द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कबाड़ का सामान जमा करके रखा गया था। इस कब्जे के कारण क्षेत्र में आवागमन बाधित हो रहा था। अवैध रूप से फैले कबाड़ के कारण जहां रहवासियों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, वहीं आसपास के दुकान संचालकों और व्यापारियों के व्यवसाय में भी यह अतिक्रमण बड़ी बाधा बन चुका था। स्थानीय नागरिकों द्वारा इस समस्या को लेकर लंबे समय से शिकायतें की जा रही थीं। नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति के कड़े निर्देशों पर अतिक्रमण प्रभारी कैलाश घेंघट ने अपनी पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई की। टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए सालों पुराने इस कबाड़ के अवैध अतिक्रमण को पूरी तरह से हटाकर रास्ता और शासकीय भूमि साफ करा दी।

एक नजर में

मणिपाल का 9,275 करोड़ का आइपीओ 29 को खुलेगा

नई दिल्ली: देश के प्रमुख अस्पताल श्रृंखलाओं में शामिल मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज लिमिटेड का 9,275 करोड़ रुपये का आइपीओ 29 जुलाई को खुलेगा। आइपीओ 31 जुलाई को बंद होगा। आइपीओ के लिए मूल्य दायरा 560-590 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर कंपनी का मूल्यांकन 77,600 करोड़ से अधिक बैठता है। बेंगलुरु स्थित कंपनी के प्रस्तावित आइपीओ में 8,000 करोड़ रुपये तक के नए शेयर और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 2.16 करोड़ तक के शेयर की बिक्री पेशकश शामिल है। (एजेंसी)

रेहान हेल्थकेयर का लाइसेंस निलंबित

नई दिल्ली: भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य सुरक्षा नियमों के गंभीर उल्लंघन पर रेहान हेल्थकेयर का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। कंपनी की 'हेल्थ सप्लीमेंट्स' और न्यूट्रास्यूटिकल्स विनिर्माण इकाई के निरीक्षण के दौरान ये उल्लंघन सामने आए। रेहान हेल्थकेयर डाइजेस्टिव सिरप, मल्टी-विटामिन सिरप और अन्य सिरप-आधारित खाद्य उत्पाद बनाती है। कंपनी को सभी कमियों को दूर करने और सक्षम प्राधिकारी से उनके सत्यापन तक उत्पादन बंद रखने का निर्देश दिया गया है। (एजेंसी)

आइएटीए की नई महानिदेशक होंगी सादिया जाहिदी

नई दिल्ली: अंतराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आइएटीए) ने सादिया जाहिदी को अगला महानिदेशक नियुक्त किया है। वह विली वाल्श का स्थान लेंगी, जो अगले महीने इंडिगो के सीईओ का पद संभालेंगे। स्विट्जरलैंड व पाकिस्तान की नागरिकता रखने वाली जाहिदी आइएटीए की पहली महिला महानिदेशक होंगी। आइएटीए दुनिया की 370 से अधिक एयरलाइंस का प्रतिनिधित्व करता है। जाहिदी वर्तमान में विश्व आर्थिक मंच में एमडी और प्रबंधन बोर्ड की सदस्य हैं। वह एक नवंबर से कार्यभार संभालेंगी। (एजेंसी)

अमेरिका में भारतीय निर्यात पर चीन से कम शुल्क

व्यापार कानून के सेक्शन 301 के तहत भारत से आने वाली वस्तुओं पर लगेगा 10% का शुल्क

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार को अमेरिका और मजबूत बनाना चाहता है। तभी अपने व्यापार कानून के सेक्शन 301 के तहत भारत से आने वाली वस्तुओं पर उसने 10 प्रतिशत का शुल्क लगाया है। जबकि चीन, वियतनाम, ब्राजील, तुर्किये जैसे 43 देशों पर इस सेक्शन के तहत 12.5 प्रतिशत का शुल्क लगाया गया है। 16 देशों पर अमेरिका ने 10 प्रतिशत का शुल्क लगाया, जिसमें भारत के साथ बांग्लादेश, पाकिस्तान, कंबोडिया, ब्रिटेन जैसे देश शामिल हैं। दूसरी तरफ, सेक्शन 122 के तहत अमेरिका माल भेजने वाले सभी देशों पर लगाए गए 10 प्रतिशत के शुल्क 24 जुलाई से समाप्त हो गए। ऐसे में, भारतीय वस्तुओं पर फिलहाल जो शुल्क लग रहा था, वहीं आगे भी जारी रहेगा।

सेक्शन 301 के तहत अमेरिका 59 देशों में यह जांच कर रहा था कि कहीं उन देशों में उत्पादन के दौरान जबरन श्रम का प्रयोग तो नहीं किया जा रहा है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इंशिएटिव के मुताबिक जांच में अमेरिका भारत में जबरन श्रम से उत्पादन का कोई साक्ष्य पेश नहीं कर सका। अमेरिका के रुख को देखते हुए भारत ने उन देशों से भी माल आयात करने पर पाबंदी लगा दी जिन देशों में जबरदस्ती श्रम कराकर उत्पादन किया जाता है। जीटीआरआइ का मानना है कि अमेरिका ने भारत पर सेक्शन 301 के तहत नहीं बल्कि सेक्शन 122 के तहत लगाए गए शुल्क की अवधि समाप्त होने के जवाब में भारत पर 10 प्रतिशत का शुल्क लगाया है।

- ऐसे में, भारतीय वस्तुओं पर अभी जो शुल्क लग रहा था, वहीं आगे भी रहेगा
- सभी देशों पर लगाए गए 10 प्रतिशत का शुल्क 24 जुलाई को हो गए समाप्त

"टैक्स के नए काल में भारत को अपेक्षाकृत फायदा दिख रहा है। चीन व वियतनाम से कम टैक्स होने का लाभ भारत को मिलेगा। -**संजय जैन**, पूर्व चेयरमैन, कनफेडरेशन आफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज

पड़ोसी देशों के साथ प्रतिस्पर्धा में मिलेगी मदद

चीन व वियतनाम जैसे देशों के मुकाबले कम शुल्क लगने से भारत को अमेरिका के बाजार में रोजगारपरक सेक्टर जैसे टेक्सटाइल, लेदर आइटम, जेम्स व ज्वैलरी, इंजीनियरिंग गुड्स व इलेक्ट्रानिक्स आइटम के निर्यात बढ़ाने में मदद मिलेगी। अमेरिका चीन से 300 अरब डालर से अधिक तो भारत से 100 अरब डालर का आयात करता है। पहले अमेरिका के बाजार में बांग्लादेश, कंबोडिया मलेशिया जैसे देशों पर भारत से कम शुल्क लगते थे, लेकिन अब इन देशों पर भी भारत के समान 10 प्रतिशत का शुल्क लगेगा। इससे मुख्य रूप से भारतीय टेक्सटाइल आइटम अमेरिका के बाजार में इन देशों से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे।

स्मार्टफोन, दवा व पेट्रोलियम तेल और ईंधन पर अब भी पहले की तरह अमेरिका के बाजार में कोई शुल्क नहीं लगेगा। बाकी के जो आइटम है, उन पर 10 प्रतिशत के अलावा पिछले साल अप्रैल के पहले मोस्ट फेवर्ड नेशन (एमएफएन) के तहत भारतीय वस्तु पर जो शुल्क लगते थे, वे भी जारी रहेंगे। -**एससी रल्हन**, प्रेसिडेंट, फेडरेशन आफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गनाइजेशंस"

सरकार ने कहा-व्यापार समझौते पर अमेरिका के साथ संपर्क में

नई दिल्ली, प्रेट्र: सरकार ने शुक्रवार को संसद में बताया कि वह सभी घटनाक्रमों पर नजर रखे हुए है और द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए अमेरिका के साथ लगातार संपर्क में है। राज्यसभा में वाणिज्य और उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि सरकार अमेरिका द्वारा लगाए गए आयात शुल्क से जुड़े मुद्दों पर किसानों, कृषि निर्यातकों, उद्योग संगठनों, मंत्रालयों/विभागों और निर्यात संवर्धन परिषदों जैसे संबंधित पक्षों के साथ लगातार बातचीत कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अमेरिका द्वारा लगाए गए आयात शुल्क से जुड़े मुद्दों पर राज्यों से मिले सुझावों पर भी ध्यान दिया है।

एयरलाइन शुरू करने की योजना नहीं : अदाणी समूह

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने शुक्रवार को बाजार में चल रही उन अटकलों को खारिज किया, जिसमें यह दावा किया जा रहा था कि वह यात्री विमान सेवा शुरू करने जा रहा है। कंपनी के प्रवक्ता कहा, 'ये खबरें पूरी तरह बेबुनियाद हैं। समूह एयरलाइन बिजनेस में प्रवेश के किसी भी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रहा है।'

अदाणी समूह देश के सबसे बड़े निजी एयरपोर्ट आपरेटर के रूप में मुंबई, नवी मुंबई, अहमदाबाद, लखनऊ, जयपुर, गुवाहाटी, मंगलुरु और तिरुवनंतपुरम सहित आठ हवाई अड्डों का संचालन और विकास कर रहा है। हाल ही में अदाणी एयरपोर्ट्स ने पांच राज्यों के छह हवाई अड्डों पर इंटीग्रेटेड एयरपोर्ट सिटीज विकसित करने का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम लांच किया है। इसके अलावा समूह विमान निर्माण में भी उतर चुका है। जनवरी 2026 में अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने ब्राजील की दिग्गज कंपनी एम्ब्रेयर के साथ समझौता किया है। भारतीय एविएशन सेक्टर दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ बाजार माना जाता है, लेकिन यहां दो ही कंपनियों (इंडिगो व एअर इंडिया) ने करीब 85 से 90 प्रतिशत बाजार पर कब्जा कर रखा है। सरकार चाहती है कि कम से कम चार-पांच कंपनियां हों, ताकि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बनी रहे। दिसंबर 2025 में इंडिगो में आई समस्या ने विमान सेवाओं को बुरी तरह प्रभावित किया था।

मीडिया रिपोर्टों को पूरी तरह गलत और बेबुनियाद बताया, अभी देश के एविएशन सेक्टर पर इंडिगो व एअर इंडिया का कब्जा

मानसून सक्रिय होने से तुवर पर दबाव, चने में नरमी

दाल दलहन

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौरः मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में तुवर उत्पादक इलाकों में बरसात शुरू होने से मिलर्स की तुवर में खरीदारी अटकने लगी है। कीमतों पर दबाव देखने को मिला है। शुक्रवार को इंदौर में तुवर की कीमतों में करीब 100 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि कम भाव में बिकवाल भी रुक नहीं रहे हैं। अफ्रीका में नए तुवर के दाम मजबूत बने हुए हैं।

एक व्यापारी का कहना है कि मानसून की देरी से बोवनी कमजोर होने के साथ ही फसल देर से आने की आशंका है। वहीं वर्तमान में तुवर अब स्टाकिस्ट-सरकार के पास है। इसके अलावा लेमन तुवर की ऊंची पड़ताल के कारण आयात की गति धीमी है। अफ्रीका में भी तुवर के दाम बढ़ना शुरू हो गए हैं, जिससे वहां भी तुवर के बिकवाल कमजोर हैं। ऐसे में सरकारी स्टाक की बिकवाली कम भाव पर निकलने पर ही तुवर के बढ़ते दामों में रुकावट की स्थिति बन सकती है अन्यथा तुवर में बड़ी मंदी की गुंजाइश कम है।

शुक्रवार को इंदौर में तुवर महाराष्ट्र सफेद 7700-7900, महाराष्ट्र लाल 8000-8200, कर्नाटक नई 8100-8300 निमाड़ी तुवर 6500-7600 रुपये प्रति क्विंटल तक बोली गई। तुवर दाल में भी उठाव कमजोर रहने से करीब 200 रुपये क्विंटल की गिरावट दर्ज की गई। मसूर दाल में भी जैसी ग्राहकी होना चाहिए वैसी नहीं होने से 50 रुपये की नरमी रही।

दलहन-दाल

चना कांटा 6450-6550, विशाल चना 6300-6350, काबुली डालर 7500-8800, काबुली रशियन 6100-6200, बिटकी 5300-5400, उड़द महाराष्ट्र सफेद 7700-7900, महाराष्ट्र लाल 8000-8200, निमाड़ी तुवर 6500-7600, मोगर 5500-6500, उड़द बोल्ड 9500-9700, उड़द गर्मी 8800-9500 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बताए गए।

दालों के दाम

चना दाल 7400-7500, मीडियम 7800-7900, बेस्ट 8000-8300, मसूर दाल 7600-7700, बेस्ट 7800-7900, मूंग दाल 8700-8800, बेस्ट 8900-9000, मूंग मोगर 10700-10800, बेस्ट 10900-11000, तुवर दाल 7300-7500, मीडियम 8400-8700, बेस्ट 9900-10100, ए.बेस्ट 10900-11000, ब्रांडेड तुवर दाल 12500, उड़द दाल 10800-10900, बेस्ट 11000-11100, उड़द मोगर 11500-11800, बेस्ट 11900-12200 रुपये प्रति क्विंटल।

इंदौर चावल भाव

दयालदास अजीतकुमार छावनी के अनुसार बासमती (921) 12000-13000, तिबार 10500-11500, बासमती दुबार पोनिया 9500-10000, मिनी दुबार 8000-8500, मोगरा 5000-7000, बासमती सेला 7500-9500 कालीमूंछ डिनरकिंग 9000, राजभोग 7000, दुबराज 4500-5500, परमल 3400-3500, हंसा सेला 3500-3700, हंसा सफेद 2900-3100, पोहा 4500-5100 रुपये क्विंटल।

रुपया घटने से खाद्य तेल आयात की लागत 20 प्रतिशत तक बढ़ी

तेल तिलहन

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौरः मार्केटिंग सीजन (नवंबर 2025-अक्टूबर 2026) के शुरुआती आठ महीनों में खाद्य तेलों के आयात पर होने वाले खर्च में 20 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी को देखते हुए एक अग्रणी उद्योग संगठन साल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन आफ इंडिया (सी) ने पूरे मार्केटिंग सीजन का आयात खर्च तेजी से उछलकर 1.75 लाख करोड़ रुपये के शीर्ष स्तर पर पहुंच जाने का अनुमान लगाया है। एसोसिएशन के अनुसार खाद्य तेलों के आयात में नियमित रूप से वृद्धि हो रही है और वैश्विक बाजार भाव भी ऊंचा चल रहा है। इसके अलावा डालर की अपेक्षा भारतीय मुद्रा की विनिमय दर अत्यंत कमजोर (नीचे) बनी हुई है जिससे 'रुपये' में आयात खर्च और भी ऊंचा हो गया है।

2024-25 के संपूर्ण मार्केटिंग सीजन (नवंबर-अक्टूबर) के दौरान खाद्य तेलों के आयात का खर्च बढ़कर 1.61 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा था जबकि 2025-26 सीजन का कुल खर्च और भी बढ़कर 1.75 लाख करोड़ रुपये के शीर्ष स्तर पर पहुंच जाने की संभावना है। शुक्रवार को इंदौर में मूंगफली तेल इंदौर 1740-1760, मुंबई मूंगफली तेल 1740, इंदौर सोयाबीन तेल रिफाइंड 1470-1475, इंदौर सोयाबीन साल्वेंट 1405-1410, इंदौर पाम तेल 1545 रुपये प्रति दस किलो रह गया।

लूज तेल (टैक्स अतिरिक्त)

मूंगफली तेल इंदौर 1740-1760, मुंबई मूंगफली तेल 1740, इंदौर सोयाबीन तेल रिफाइंड 1470-1475, इंदौर सोयाबीन साल्वेंट 1405-1410, इंदौर पाम तेल 1545, मुंबई सोया रिफाइंड 1520, मुंबई पाम तेल 1500, राजकोट तेलिया 2700, गुजरात लूज 1700, कपास्या तेल इंदौर 1600 रुपये प्रति दस किलो।

प्लांट सोयाबीन भाव

बैतूल 7475, केएन इटारसी 7400, प्रेस्टीज 7350, लिविंग फूड्स 7301, मित्तल 7301, नीमच प्रोटीन 7300, धीरेंद्र सोया 7300, बंसल 7300, एबीआइएस बदनावर 7300, धानुका 7260, प्रकाश 7260, खंडवा 7250, रामा 7250, एमएस नीमच 7200 रुपये प्रति क्विंटल।

मंडी में सरसों निमाड़ी (बारीक) 8100-8500, रायडा 7000-7200, सोयाबीन 7100, टोली 5300 रुपये प्रति क्विंटल के भाव रहे।

कपास्या खली : (60 किलो भरती) इंदौर 2600, देवास 2600, उज्जैन 2600, खंडवा 2575, बुरहानपुर 2575, अकोला 3925 रुपये।

विदेशी मुद्रा भंडार 1.08 अरब डालर बढ़ा

मुंबई, एजेंसीः देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 1.08 अरब डालर बढ़कर 676.24 अरब डालर हो गया। इससे पिछले सप्ताह में भी विदेशी मुद्रा भंडार 96.4 करोड़ डालर बढ़कर 675.16 अरब डालर हो गया था।

आरबीआइ के अनुसार, 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर रिकार्ड 728.49 अरब डालर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद रुपये पर दबाव बढ़ा और आरबीआइ को डालर की बिक्री के जरिये विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करना पड़ा, जिससे कई सप्ताह तक भंडार में गिरावट दर्ज की गई। 17 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 4.55 अरब डालर बढ़कर 551.06 अरब डालर हो गईं।

मालामाल हुईं शकर मिलें, अब उतरी मुनाफावसूली बिक्री पर, दाम गिरे

किराना बाजार

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर : केंद्र सरकार द्वारा इस महीने का शकर का कोटा कम जारी किया गया था। इसके बाद खुले बाजारों में करीब 600 रुपये से ज्यादा की तेजी प्रति क्विंटल पर आ चुकी है। जारी होने के पहले शक्कर के दाम करीब 4200 रुपये प्रति क्विंटल के करीब थे, जो वर्तमान में 4800 रुपये पर आ गए। ऊपर में शकर 4900 रुपये के करीब बिक गई थी। एकाएक तेजी से शक्कर मिलें और स्टाकिस्टों ने जमकर पैसा बनाया। हालांकि आम घर की रसोई का बजट बिगड़ा। अब अगस्त के शकर कोटे की चर्चा बाजार में शुरू हो गई है। ऐसे में उम्मीद है कि सरकार अगस्त का शकर का कोटा जुलाई की तुलना में कुछ ज्यादा जारी कर सकती है जिससे कीमतों में कुछ गिरावट की उम्मीद है। पिछले दो-तीन दिनों से शकर में लेवाली कुछ सुस्त बनी हुई है जबकि स्टाकिस्टों और मिलों की मुनाफावसूली की बिकवाली आने से दाम धीमी गति से टूट रहे हैं। तीन-चार दिन में शक्कर के दामों में करीब 50-70 रुपये क्विंटल की गिरावट आ चुकी है।

नारियल में स्थानीय के साथ ही बाहरी मांग का दबाव जोरदार रहने और उत्पादक केंद्रों पर दाम काफी बढ़ जाने से इंदौर में भी नारियल के दाम मजबूत बोले जाने लगे हैं।

शकर-गुड़

4720-4750, बेस्ट क्वालिटी 4760-4800, गुड़ भैली 4700-4800 कटोरा 5000-5100, लड्डू 5300, महाराष्ट्र गुड़ ग्लास 5300-5500 रुपये प्रति क्विंटल।

मसाले

कालीमिर्च 740 से 750, मिनी मटर 770 से 800, मटरदाना 825 से 850, हल्दी निजामाबाद 225 से 250, हल्दी सांगली 310-320, जीरा 240 से 245, सौंफ मोटी 110 से 150, बारीक 180 से 300, लौंग वालू 770 से 780, बेस्ट 810 से 820, दालचीनी 250 से 255, बेस्ट 260, जायफल 725 से 750, जावत्री 1675 से 1750, बड़ी इलायची 1450 से 1550, बेस्ट 1700 से 1800, पत्थरफूल 340 से 425, बेस्ट 480 से 485, बादाम फूल 425 से 465, बेस्ट 525 से 550, शाहजीरा खर 385 से 400, तेजपान 90 से 95, तरबूज मगज 290 बेस्ट 460 से 500, नागकेसर 935 से 940, सौंठ 370 से 395, खसखस चालू 1150 से 1250, बेस्ट 1300 से 1300, दिल्ली टर्की खसखस 1325 से 1350, धोली मूसली 2175 से 2200, हींग 751-3450, हरी इलायची 3400-3500, एक्स्ट्रा बेस्ट 4100-4300 और पानबार 2100 रुपये।

पूजन सामग्री : नारियल 120 भरती 2700, 160 भरती 3100, 200 भरती 3400, 250 भरती 3800 रुपये प्रति बोरी। खोपरा गोला बाक्स में 375-410, कट्टे में 360-365 रुपये प्रति किलो, खोपरा बूरा 3000-5900 रुपये प्रति 15 किलो। देशी कपूर 1100 से 1150, ब्रांडेड 1250-1320, पूजा बादाम 115 से 125, बेस्ट 220 से 230, पूजा सुपारी 425 से 450, अरीठा 180 रुपये, और सिंदूर (25 किलो) 8000-8100 रुपये। केसर 190 से 262 रुपये प्रति ग्राम।

सूखे मेवे : काजू डब्ल्यू 240 नंबर घटकर 880-925, डब्ल्यू 210 950-1000, काजू डब्ल्यू 320 नंबर 840 से 870, काजू एस डब्ल्यू 300-800 से 825, बादाम इंडिपेंडेंट 830 से 860 मोटा दाना 950 से 1000, खारक 90 से 110, मीडियम 120 से 140, किशमिश कंधारी 400 से 465, इंडियन 350 से 400, चारौली 1200 से 1300, मुनक्का 350 से 550, बेस्ट 850 से 925, अंजीर 850 से 950, बेस्ट 1150 से 1450, मखाना 750-950, बेस्ट 1000-1050, एक्स्ट्रा बेस्ट 1100-1150, पिस्ता कंधारी 3300-3400, पिशोरी 3700-3800, ईरानी बड़ा पिस्ता 2600-2700, नमकीन पिस्ता 1200-1350, बेस्ट 1400-1500, अखरोट 510 से 600, बेस्ट 625 से 825, अखरोट गिरी 1050 से 1225, जर्दालू 350 से 450, बेस्ट 600 रुपये।

फलाहारी

रायलरतन साबूदाना (1 किलो) 7350, रायलरतन साबूदाना (500 ग्राम) 7450, रायलरतन (200 ग्राम) 7750, रायलरतन लूज 6700, सच्चामोती साबूदाना (रजिस्टर्ड) 1 किग्रा 7200, सच्चामोती साबूदाना (रजिस्टर्ड) 500 ग्राम 7300, सच्चामोती साबूदाना (रजिस्टर्ड) लूज 6600, सच्चामोती साबूदाना 200 ग्राम 7400, सच्चामोती पोहा एक किलो पैकिंग में 5750, सच्चामोती मोरधन 8200, रायलरतन मोरधन 19500 रुपये। साबूदाना सच्चासाबू एमगार्क (500) 7430, साबूदाना चक्र एमगार्क 7370, गोपाल लूज (25 किलो) 6170, कुकरीजाकी मोरधन (500 ग्राम)- 18700 रुपये। सिंघाड़ा छोटा 100-115 बड़ा 120-130 रुपये।

मावा भाव

इंदौर : 340 रुपये किलो।
रतलाम : सफेद मावा व पीला मावा 285 रुपये किलो।
उज्जैन : 280 रुपये किलो।

कमजोर मांग से आलू व प्याज बाजार स्थिर

आलू प्याज

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौरः थोक मंडी में प्याज-आलू और लहसुन का बाजार स्थिर है। गोल्टा प्याज में अच्छी मांग निकल रही है। आवक सीमित है ऐसे में आगे भाव मजबूत हो सकते हैं। प्याज की आवक 45 हजार बोरी रही। प्याज बेस्ट ऊपर में 2100 से 2400 रुपये बिक रहा है। आलू की आवक दस हजार बोरी रही। स्टोर लायक आलू बेस्ट ऊपर में 1100 रुपये तक बिका। आगरा से भी आठ गाड़ी आलू पहुंचा। आगरा का आलू 900 रुपये तक बिका। लहसुन की आवक 10 हजार बोरी रही।

मंडी भाव : प्याज नया सुपर महाराष्ट्र स्टोर 2100 से 2400, मोटा माल 1500-1800, एवरेज 1200 से 1300, गोल्टा 700 से 1000, नई लहसुन ऊंटी 12000 से 14000, देशी सुपर बोल्ड 10000 से 11000, एवरेज 7000-9000, बारीक 5000 से 6000, नया आलू बेस्ट 900 से 1100, एवरेज आलू 600 से 800, गुल्ला 400-500 रुपये क्विंटल।

अंचल के मंडी भाव

उज्जैन : गेहूं 1800 से 3050, चना भाव 6051, चना काबुली 5171 से 7880, सोयाबीन 3700 से 7328 रु.। आवक गेहूं 1803, चना 01, चना काबुली 12, सोयाबीन 2646 बोरी।

रतलाम : गेहूं लोकवन 2520 से 3140, मक्का 2300, चना विशाल 5500 से 6230, इटालियन 5501 से 6201, डालर 6900 से 8300, सोयाबीन 3200 से 7325, मटर 2550 से 3201, मूंग 7171, लहसुन 2850 से 15196, प्याज 828 से 2828 रुपये क्विंटल।

नामली : गेहूं 2442 से 2666, सोयाबीन 3600 से 7108, लहसुन 2612 से 18000, प्याज 410 से 2700 रुपये क्विंटल।

सैलाना : गेहूं 2400 से 2920, सोयाबीन 4501 से 7267, चना देशी 5801 से 5890, मटर 2103, रायड़ा 6400 से 7146, लहसुन 2000 से 16551, प्याज 661 से 2371 रुपये क्विंटल।

आलोट : सोयाबीन 6531 से 7211, गेहूं 2300 से 2683, लहसुन 1500 से 15102, प्याज 310 से 1699 रुपये क्विंटल।

निराशा | सोना 800 और चांदी 900 रुपये टूटी

क्रूड आइल की तेजी से बुलियन में आकर्षण घटा

सराफा बाजार

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौरः पश्चिम एशिया में संकट गहराने के कारण ब्रेंट क्रूड आइल की कीमत फिर 100 डालर प्रति बैरल के पार चली गई है। इससे महंगाई की चिंता बढ़ गई है और निवेशकों को आशंका है कि ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बनी रह सकती हैं। इसके चलते बुलियन वायदा मार्केट में सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस शुक्रवार शाम तक सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट का दौर जारी रहा है। कामेक्स पर सोना वायदा 24 डालर टूटकर 4059 डालर प्रति औंस और चांदी वायदा आंशिक टूटकर 58.43 डालर प्रति औंस पर कारोबार करती देखी गई। इसके चलते भारतीय बाजारों में भी दोनों धातुओं की कीमतों में गिरावट जारी रही। इंदौर में सोना केडबरी 800 रुपये टूटकर 141400 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी चौरसा 900 रुपये घटकर 222300 रुपये प्रति किलो रह गई। बाजार में फिलहाल ग्राहकी कमजोर है। जुलाई मध्य से बाजार में राखी पूर्व की हलचल देखने को मिल सकती है। बाजारों में सितंबर में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने की संभावना लगभग 78 फीसद तक आंकी गई।

कामेक्स वायदा पर सोना वायदा 4059 डालर तक जाने के बाद ऊपर में 4060 डालर और नीचे में 4021 डालर प्रति औंस और चांदी 58.43 डालर तक जाने के बाद ऊपर में 58.46 डालर और नीचे में 57.07 डालर प्रति औंस पर कारोबार करती देखी गई।

रतलाम सराफा : चांदी चौरसा 226500, टंच 226600, सोना स्टैंडर्ड 147000 से 146950 रुपये। (आरटीजीएस भाव)।

इंदौर के बंद भाव

सोना केडबरी रवा नकद में 141400, सोना आरटीजीएस में 143000 (जीएसटी अतिरिक्त), सोना 22 कैरेट 131100 रुपये प्रति दस ग्राम (जीएसटी अतिरिक्त) है। गुरुवार को सोना 142200 रुपये पर बंद हुआ। चांदी चौरसा 222300, आरटीजीएस 220700, चांदी टंच 223000 प्रति किलो और चांदी सिक्का 2550 रुपये (प्रति नग) के भाव बोले गए। गुरुवार को चांदी 223200 रुपये पर बंद हुई थी।